भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 1503
गुरुवार, 15 दिसंबर, 2022 / 24 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

भावनगर से दिल्ली तक उड़ान

1503. डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भावनगर हवाईअड्डे पर अधिकतर उड़ानें बंद कर दी गई हैं और दिल्ली के लिए कोई सीधी/ संपर्क उड़ान नहीं है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का भावनगर और दिल्ली के बीच कोई सीधी या संपर्क उड़ान संचालित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख): उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत, उड़ानों के प्रचालन हेतु, भावनगर हवाईअड्डे की पहचान अल्प-परिचालित हवाईअड्डे के रूप में की गई है।

चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) ने, 'अहमदाबाद-भावनगर-अहमदाबाद' मार्ग पर दिनांक 01.05.2018 से, उड़ान के अंतर्गत उड़ानें शुरू कीं और 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद बंद कर दी। चयनित एयरलाइन प्रचालक द्वारा, उड़ान के तहत 'भावनगर-पुणे-भावनगर' मार्ग पर दिनांक 05.05.2022 को प्रचालन आरंभ किया गया, जो वर्तमान में प्रचालनिक है। योजना दस्तावेज़ के स्टेज लेंथ नोर्म्स (stage length norms) के अनुसार भावनगर-दिल्ली मार्ग उड़ान योजना के दायरे में नहीं आता है।

(ग) और (घ): मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के बाद, भारतीय घरेलू विमानन बाजार को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है। नतीजतन, वाणिज्यिक उड़ान प्रचालन हेतु एयरलाइनें, देशभर में प्रचालन हेतु, किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन करने के लिए किसी भी प्रकार के विमान के साथ अपने उड़ान बेड़े में बढ़ोत्तरी कर सकती हैं। इस प्रकार, यह एयरलाइनों पर निर्भर है कि वे मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन में, यातायात की मांग और अपनी व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएं प्रदान करें।

*****